प्रेषक,

कृष्ण कुमार–सप्तम,
सिविल जज (सी0डि0), जलेसर,
जिला एटा.

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक महोदय,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद.

द्वाराः श्रीमान जनपद न्यायाधीश,
एटा

विषयः वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–2020 से संबंधित चल–अचल सम्पत्ति का विवरण माननीय न्यायालय की सेवा सादर प्रेषित किये जाने के संबंध में.

आदरणीय महोदय,

ससम्मान निवेदन है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा माननीय न्यायालय के C.L.N0:63/IV-b-16/Admin(A) Dated 10-12-1998 and C.L.N0:16/IV-h-16/Admin (A) Dated 13-05-2004 के अनुपालन में पूर्व में वित्तीय वर्ष 2018–2019 का चल व अचल सम्पत्ति का विवरण प्रेषित किया गया था, जिस पर माननीय न्यायालय द्वारा यह आपत्ति करते हुए अधोहस्ताक्षरी को दिनांक 31.03.2020 के पश्चात प्रेषित किये जाने हेतु आदेशित किया गया था। कोविड–19 की वैश्विक महामारी के कारण अधोहस्ताक्षरी प्रेषित नहीं कर सका था।

माननीय न्यायालय के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–2020 से संबंधित चल–अचल सम्पत्ति का विवरण वित्तीय वर्ष 2020–2021 में प्रेषित किया जाना था, किन्तु उक्त अवधि में कोविड–19 की वैश्विक महामारी के कारण अधोहस्ताक्षरी को अपने बैंक खातों की विवरणी (Statements) उपलब्ध न होने के कारण माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन निर्धारित समयावधि के अंतर्गत प्रेषित नहीं कर सका था।

अधोहस्ताक्षरी माननीय न्यायालय के निर्देश के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–2020 से संबंधित चल–अचल सम्पत्ति के विवरण निर्धारित प्रारूप पर अनुरोध पत्र के साथ ससम्मान प्रेषित किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी अपने कृत्य के लिए क्षमा प्रार्थी है तथा माननीय न्यायालय से क्षमा की याचना करता है। भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी माननीय न्यायालय का सदैव आभारी रहेगा।

अतः महोदय से विनम्र अनुरोध है कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रेषित वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–2020 से संबंधित चल–अचल सम्पत्ति की विवरणियों को माननीय न्यायालय के समक्ष सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने की कृपा करें।

ससम्मान सादर प्रेषित।

भवदीय,
Krishnakr 09/12/2021

(कृष्ण कुमार–IV)
सिविल जज (सी0डि0)/जलेसर, एटा.

दिनांकः
09.12.2021

संलग्नक
वित्तीय वर्ष 2018–2019 एवं 2019–2020 के चल–अचल सम्पत्ति की विवरणियॉ